हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 नवंबर 2024
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

inh 24x7
बढ़ते भारत की आवाज

IRON LIFE
IRON SHARPENS IRON

## उद्घाटन समारोह

मुख्य अतिथि



**मान. टंकराम वर्मा**
खेल एवं युवा कल्याण
मंत्री (छ.ग. शासन)

विशेष अतिथि




**मान. पुरंदर मिश्रा**
विधायक
रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र

विशेष अतिथि



**मान. एजाज ढ़ेबर**
महापौर
नगर निगम, रायपुर

विशेष अतिथि



**मान. प्रमोद दुबे**
सभापति
नगर निगम, रायपुर

# Freedom RAIPUR RUN

## 1 DEC 2024

10 Km. & 5 Km. CATEGORIES
Marine Drive Telibandha Raipur (C.G.)
Time : 6.00 AM (Morning)

## समापन समारोह

मुख्य अतिथि



**मान. किरण देव**
प्रदेश अध्यक्ष
भाजपा (छ.ग.)

अध्यक्षता



**मान. दीपक बैज**
प्रदेश अध्यक्ष
कांग्रेस (छ.ग.)

विशेष अतिथि



**मान. गुरु खुशवंत साहेब**
विधायक
आरंग विधानसभा क्षेत्र

विशेष अतिथि



**मान. विक्रम सिंह सिसोदिया**
महासचिव
छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ

**Title Sponsor** — Freedom Refined Sunflower Oil

**Prayer Partner** — परिमल अगरबत्ती भारतवासी — भारत देश कि सर्व श्रेष्ठ खुश्बू

**Associate Sponsors** — CONCRETE TMT & PIPES (मजबूती ही हमारा विश्वास है), IB GROUP, ABIS, RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION BHILAI-CHHATTISGARH, R1

**Health Partner** — SANJEEVANI CANCER CARE FOUNDATION

**Outdoor Partner** — ASA ADVERTISING AGENCY

RAMA TMT BARS — ANDAR SE ATOOT

Vachan — Great Taste, Enriched Life

IFFCO

छत्तीसगढ़ प्राईवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन — पंजीयन क्रमांक 3940 — स्थापना वर्ष 2012

निजात — नशीले पदार्थों को ना, जिंदगी को हां।
सेवा सुरक्षा — रायपुर पुलिस छत्तीसगढ़

(BIB Distribution on 30th Nov.)
Venue - Haribhoomi Office, Raipur
Time - 11 AM. to 4 PM.
Only Registered Participants for BIB*

## खबर संक्षेप

### पीएम जनमन आवास निर्माण पर वन विभाग का ब्रेक

■ कमारों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर रोक हटाने की मांग की

**धमतरी।** प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत अति पिछड़ी जनजाति कमारों के लिए आवास निर्माण में लगाई गई रोक को हटाने की मांग कलेक्टर से की गई है। कमार संगठन मगरलोड के अध्यक्ष जगन्नाथ मंडावी सहित ग्राम पंडरीपानी, कमारपारा बिरझुली के कमार पूरनलाल, सुखराम, सोनाराम, रजंतीन, सुकारो, दयाबती, अमरीका, चमारिन, यशवंत, बंशीराम ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि पंचायत बिरझुली के आश्रित ग्राम पंडरीपानी कमारपारा में प्रधानमंत्री जनमन योजना आवास निर्माण कार्य पर वन विभाग केरेगांव द्वारा रोक लगाई गई है। इस गांव में सन 2005 से पूर्व कमार परिवार निवासरत हैं। सन 2016-17 में दो परिवारों को आवास योजना का लाभ मिल चुका है। बिजली, पानी की सुविधा शासन प्रशासन द्वारा दी गई है। कमारों ने आवास निर्माण कार्य पर लगाई गई रोक को हटवाने की मांग की है।

### ऑनलाइन आवेदन के लिए शिविर 29 को

**धमतरी।** श्रम विभाग द्वारा स्वच्छता दीदियों का श्रम पंजीयन एवं सेफ्टी किट के साथ ही श्रमिकों के पंजीयन हेतु ऑनलाइन आवेदन करने के संबंध में संबंधित प्रथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि 29 नवम्बर को पीएचसी बेलरगांव, गट्टासिल्ली, सांकरा और पीएचसी सिहावा में शिविर लगाया जाएगा। श्रम पदाधिकारी ने इसके लिए अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है।

### ऋण वसूली शिविर 6 दिसम्बर से

**धमतरी।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित धमतरी द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित सभी ऋणी हितग्राहियों से ऋण वसूली करने एवं अंत्योदय स्वरोजगार योजना में अनुसूचित जाति वर्ग के आवेदकों से स्वरोजगार हेतु ऋण प्रकरण तैयार करने के लिए 6 से 26 दिसम्बर तक जिले के विकासखण्डों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति ने बताया कि 6 दिसम्बर को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक नगरी विकासखण्ड में कृषि उपज मंडी के सामने स्थित अंत्यावसायी प्रशिक्षण केन्द्र नगरी, 11 दिसम्बर को सुबह 11 से शाम 5 बजे तक धमतरी विकासखण्ड के कलेक्टोरेट, प्रथम तल कक्ष क्रमांक-48 स्थित जिला अंत्यावसायी धमतरी, 20 दिसम्बर को दोपहर 12 से 3 बजे तक मगरलोड के जनपद पंचायत भवन मगरलोड और 26 दिसम्बर को दोपहर 12 से 3 बजे तक कुरूद विकासखण्ड के जनपद पंचायत भवन कुरूद में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरुष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, बस्तर रोड, मानस डेली नीड्स के सामने, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

कमार आवासीय विद्यालय एवं छात्रावास का किया औचक निरीक्षण

# विधायक अंबिका मरकाम एक्शन मोड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी






विधायक अंबिका मरकाम गुरूवार को एक्शन मोड में दिखाई दी। विधायक ने अचानक कमार आवासीय विद्यालय एवं छात्रावास का निरीक्षण किया। विधायक ने छात्र-छात्राओं से बात कर उनकी समस्या जानी। छात्रों ने बताया कि आवासीय विद्यालय व छात्रावास में असुविधाओं की भरमार है। पानी के लिए पर्याप्त मात्रा में टंकी नहीं लगाई गई, है। गीजर उपलब्ध नहीं होने से ठंडे पानी में नहाकर सुबह से ही स्कूल जाना पड़ता है। रात में सोने के लिए पर्याप्त मात्रा में बेडशीट, रजाई, ब्लांकेट व ठंड से बचने के लिए गरम कपड़ा स्वेटर, शाल भी नहीं है। पानी फिल्टर की मशीन नहीं है। पर्याप्त मात्रा में ब्लेजर नहीं है। ज्ञात हो कि कमार परिवार को राष्ट्रपति का दत्तक पुत्र के नाम से जाना जाता है। कमार जनजाति अति पिछड़ा जनजाति परिवार से आते हैं। वहीं कमार जनजाति के लिए शासन द्वारा विभिन्न योजना संचालित की जा रही है। लेकिन मुख्यालय नगरी में दिया तले अंधेरा है। आवासीय विद्यालय व छात्रावास नगरी में लगभग 80 छात्र छात्राएं अध्यनरत हैं जहां उन्हें अनेक असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने कहा कि कमार बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने की जरूरत है लेकिन छात्रावास व विद्यालय के बच्चे ठंड में भी बिना ब्लेजर, स्वेटर के पढ़ाई करने के लिए मजबूर हैं। बेडशीट, ब्लांकेट के बिना बच्चों को सोना पड़ रहा है। जो सुविधाएं बच्चों को मिलनी चाहिए वह उन्हें नहीं मिल रही है। विधायक अंबिका मरकाम ने छात्रावास अधीक्षक कबिलास ध्रुव, अधीक्षिका उर्मिला मरकाम से इस विषय में जानकारी चाही तो उन्होंने बताया कि अभी राशि उपलब्ध नहीं हो पाई है। राशि मिलने पर सभी आवश्यक सामग्री की पूर्ति की जाएगी।

## करगा में हेमंत ने ली अध्यक्ष पद की शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति करगा का प्राधिकृत अध्यक्ष हेमंत साहू को चुना गया। समिति प्रबंधक कोमल वर्मा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का फूल, गुलाल से स्वागत कर शपथ पत्र सौंपा। अध्यक्ष श्री साहू ने किसान की हरसंभव मदद करने की बात कही।

इस अवसर पर समिति प्रबंधक कोमल वर्मा, लिपिक कृष्ण कुमार, तेजनाथ वर्मा, कंप्यूटर ऑपरेटर गायंत साहू, चिंटू साहू, पंच कुमार, नेमीचंद, भोजराम, भूपेंद्र साहू, नीलकमल साहू सहित कृषक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## कठौली हाईस्कूल में लगा आनंद मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री





शाउमावि कठौली में आनंद मेला का आयोजन किया गया जिसमें पीएमश्री, प्राथमिक शाला व माध्यमिक विद्यालय कठौली के तीनों विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया। मौके पर मंत्री युवा मोर्चा सिर्री मण्डल सागर साहू ने कहा कि आनंद मेला से बच्चों में मनोरंजन के साथ ही व्यापार, लेने देन के आंकड़ों और जोखिमों का भी अनुभव व ज्ञान प्राप्त होता है। व्यापारिक गुर सीखते हैं। जनपद सदस्य तामेश्वरी साहू व सरपंच कविता पूर्णेंद्र साहू ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष गौकरण साहू, सरपंच कविता साहू, सरपंच प्रतिनिधि पूर्णेंद्र साहू, नीलमणि निषाद अध्यक्ष, किशुन पटेल, ओमराम साहू, राजकुमार निषाद, भादुराम साहू, प्राचार्य नरेंद्र वर्मा समेत शिक्षकगण व अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

# छिपी कला को उभारने का रासेयो सशक्त माध्यम : ज्योति

■ राजपुर में एनएसएस शिविर का समापन, स्वयंसेवकों ने किए कई रचनात्मक कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड




ग्राम राजपुर में यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड की प्राचार्य डॉ प्रभा वेरूलकर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित शिविर का समापन हुआ। समापन समारोह की मुख्य अतिथि ज्योति दिवाकर ठाकुर जनपद अध्यक्ष रही। अध्यक्षता प्रीतबाई कंवर सरपंच राजपुर, डॉ प्रभा वेरूलकर प्राचार्य ने की । विशिष्ट अतिथि डॉ हरि विनायक सिन्हा जनपद वन सभापति, महाविद्यालय जनभागीदारी समिति सदस्य विजय यदु, अशोक साहू, पवन निषाद, मुरली सिन्हा, पंच फूलजी सिन्हा, बिरझू कंवर, पुरूषोतम सिन्हा, गिरवर यदु थे।

मुख्य अतिथि ज्योति ठाकुर ने कहा कि एनएसएस शिविर से मानसिक एकाग्रता अन्य गतिविधियों की प्राप्ति होती है। यह अपनी अंदर छिपी प्रतिभा को उभारने का माध्यम है। स्वामी विवेकानंद के मार्ग में चलकर अपना भविष्य बना सकते हैं। शिविर के दौरान साफ सफाई, नशा मुक्ति के दुष्परिणाम के प्रति जागरूक किया गया।

प्राचार्य डॉ प्रभा वेरूलकर ने कहा कि एनएसएस शिविर के माध्यम से अनेक बातों की जानकारी मिलती है। समूह में रहकर दायित्व निर्वहन करना होता है। नेतृत्व करने की क्षमता विकसित होती है। अनुशासन के नियमों का पालन करना अति आवश्यक है।

महाविद्यालय जनभागीदारी समिति सदस्य विजय यदु ने कहा कि एनएसएस शिविर के माध्यम से बहुत कुछ सीखने का मौका मिलता है जिसे अपनी दिनचर्या में उतरना चाहिए। मुरली सिन्हा ने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। अपने लक्ष्य से भटकना नहीं है। स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए।

कार्यक्रम में जनपद सभापति डॉ हरि विनायक सिन्हा, ग्रामीण पुरूषोतम सिन्हा ने भी अपनी बात रखी। सात दिवसीय शिविर में महाविद्यालय के 70 स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को स्वच्छता, एक पेड़ मां के नाम, नशा मुक्ति, मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेमलता नेताम, केशरी निषाद, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ रमा चंद्राकर, डॉ सुशीला साहू, दीपक कश्यप, स्वयंसेवक खूबचंद साहू, दुर्गेश, हुम्मन, भीषम, डुमेश्वर, पंकज, मुकेश, झरना, लता, अंजु सिन्हा उपस्थित थे।

## खिलेश बने हरदीभाठा बूथ अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम हरदीभाठा के बूथ क्रमांक 146 में अध्यक्ष, सचिव, अन्य प्रमुख सदस्यों का गठन किया गया। चुनाव अभियान प्रभारी अधिवक्ता तुलसी राम साहू, जगदीश साहू, गोलू मांडवी थे। अध्यक्ष खिलेश लहरे, सचिव महेंद्र ध्रुव, फणेंद्र भूषण नेताम, युवा प्रमुख हरिनारायण ध्रुव, महिला प्रमुख निर्मला बाई ध्रुव, वॉट्सएप प्रमुख विजय बंजारे, मन की बात प्रमुख राहुल कुमार मरकाम, स्वच्छता प्रमुख जागेश्वर लहरे, वोटर प्रमुख बिसनाथ ध्रुव, मोटर साइकिल प्रमुख रामानंद छत्तर, छह कार्यक्रम प्रमुख तुकाराम ध्रुव, सामाजिक प्रमुख रेखराज निषाद, दीप कमल प्रमुख विजय लाल यादव, लाभार्थी प्रमुख गौतम ध्रुव पन्ना प्रमुख ललित ध्रुव बनाए गए। सदस्यों में चुम्मन कुर्रे, नेहरू लहरे, अजय बंजारे, बिसहत ध्रुव, सुलेंद्रा ध्रुव, सुमित्रा बाई मरकाम, रेवती बाई ध्रुव, अनपा बाई निषाद, जमुना लहरे शामिल हैं। मौके पर रतनू राम निषाद, निर्भय सेन, रमेश पटेल, तुकाराम ध्रुव समेत अन्य उपस्थित थे।

महर्षि वेदव्यास महाविद्यालय भखारा में संविधान दिवस पर हुआ कार्यक्रम

## संविधान की दृष्टि से सभी नागरिक समान : रामकिशोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी




महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा में प्राचार्य डॉ. संजय शर्मा के मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा संविधान दिवस मनाया गया।

राजनीति विभाग के विभागाध्यक्ष रामकिशोर यादव ने बताया कि संविधान का निर्माण कैसे और क्यों किया गया। उन्होंने कहा कि नागरिकों को संविधान को आत्मसात करना चाहिए। संविधान की दृष्टि से सभी नागरिक समान है। संविधान सभी नागरिकों को अवसर एवं प्रतिष्ठा की समता प्रदान करता है।

डॉ. कविता वैष्णव विभागाध्यक्ष हिंदी ने बताया कि किस प्रकार संविधान में नारियों की सुरक्षा के लिए प्रावधान प्रदान किए हैं। दिनेश नाग विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग ने संविधान से प्रदत्त सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक न्याय के बारे में बताया। डॉ. मोना वर्मा व्याख्याता राजनीति विज्ञान ने वसुधैव कुटुंबकम एवं संविधान पर अपनी बात रखी। प्राचार्य डॉ. संजय शर्मा ने संविधान का सम्मान करते हुए आत्मसात करने पर प्रबल जोर दिया। इस दौरान संवैधानिक मूल्यों आधारित पर प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रामकिशोर यादव ने किया।

## अंचल की खबरें

### मनोज प्रजापति बूथ अध्यक्ष चुने गए



**नगरी।** भाजपा का बूथ स्तर पर बूथ गठन कर बूथ अध्यक्ष बनाने की प्रक्रिया जारी है। इसी के तहत बूथ क्रमांक 155, 156 का बूथ गठन किया गया। अध्यक्ष, सचिव, अन्य प्रमुख सदस्य गठन किया गया। चुनाव अभियान प्रभारी नागेद्र शुक्ला, मोहन नाहटा थे। मनोज प्रजापति को बूथ अध्यक्ष चुना गया। मौके पर दिनेश्वरी नेताम, महेंद्र नेताम, चेलेश्वरी साहू, रूपेन्द्र साहू, राजा पवार, गिरिजाशंकर नाग, नीरज साहू, दीपक नेताम, पुष्पा नेताम, तुलसी नारायण यादव, आशीष पटेल, परदेशी सोनी, तोमिन नाग, सुरेन्द्र लहरे, बलराम कुंजाम, लखन मल्होत्रा, गणेश भट्ट, कल्याण यादव, अरूण बंजारे, लेखाबाई नेताम, कुमारीबाई नेताम, पिंगलाबाई नेताम, सुरेश सिंहसार, दूजबती ध्रुव, सुग्रीव मरकाम, धनेश्वरी साहू उपस्थित थे।

### अहिल्या बाई होल्कर के कार्यों को किया याद




**आमदी(धमतरी)।** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में लोक माता देवी अहिल्या बाई होल्कर की त्रिशताब्दी जन्म जयंती पर व्याख्यान माला आयोजित हुई। मुख्य वक्ता महेश शर्मा जिला अध्यक्ष पुण्य श्लोक लोक माता देवी अहिल्या बाई होल्कर त्रि शताब्दी समारोह आयोजन समिति धमतरी ने अहिल्या बाई होल्कर के सम्पूर्ण जीवन परिचय एवं उनके द्वारा लोकहित के कार्यों की जानकारी दी। प्रभारी प्राचार्य जायसवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में रामअवतार शर्मा उपाध्यक्ष, राजकुमार धमतरी खण्ड प्रचारक, राकेश जाधव सदस्य व महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राओं उपस्थित थे।

### संवैधानिक नियमों का पालन करने का लिया संकल्प



**अंवरी।** शाउमावि अंवरी में संविधान दिवस मनाया गया। प्राचार्य पीएन साहू व वरिष्ठ व्याख्याता आईआर साहू ने बताया कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है। उसमें मूल अधिकारों की रक्षा और कर्तव्यों के निर्वहन के बारे में बताया गया है। संविधान की दृष्टि से सभी को समानता का अधिकार है। प्रत्येक व्यक्ति संविधान के नियमों का सही तरीके से पालन करें तो भारतीय संविधान विश्व का सबसे सुंदर और बेहतर संविधान साबित होगा। किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। व्याख्याता केएल घोघरे छात्रों को सामाजिक, न्याय, आर्थिक, राजनीतिक, कानून व संविधान के बारे में जानकारी दी। छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने संवैधानिक कानून व नियमों का पालन करने संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में केएल यादव, लालबहादुर साहू, डीके साहू, नंदिनी सिन्हा, पी. सिन्हा, गीता, दामिनी ध्रुव व छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

### छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई



**बगदेही(धमतरी)।** शाउमावि रामपुर में विश्व शौचालय दिवस पर स्वच्छता अभियान अंतर्गत स्वच्छता प्रभारी लोकेश्वरी सोन एवं प्राचार्य आरके बघेल के मार्गदर्शन में छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। स्वयं, स्कूल प्रांगण, गांव, मोहल्लों को गंदगी मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। स्कूल के चारों हाऊस सत्यम शिवम सुंदरम मधुरम हाउस के बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य आरके बघेल थे। मौके पर आरके टंडन, केके वर्मा, एचके साहू, बीके निषाद, जेके साहू, डीके साहू, जीके साहू, एस. अग्रवाल, पी. शर्मा, एस. साहू, जे. ध्रुव, एल. सोन, एम. ठाकुर उपस्थित थे।

### सेमेस्टर परीक्षा 20 दिसंबर से

**धमतरी।** एमए, एमएससी, एमकॉम तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 20 दिसंबर से प्रारंभ होकर 13 जनवरी चलेगी। सेमेस्टर परीक्षा विश्वविद्यालय की घोषित समय-सारिणी के अनुसार प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक होगी।

Pride of Dhamtari
राजनीतिक कटआउट
3,6,8,12,20,30 फीट के बनाएं जाते है
फ्लैक्स बैनर, बोर्ड, टी-शर्ट तुरंत प्राप्त करें
अधिक जानकारी के लिये तुरंत सम्पर्क करें
हीरा आर्ट्स सदर बाजार, कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी 93011-01400




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▶ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 Years of Trust | 130+ Experience Centres Pan India
Google Rating | PHILIPS | PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 17 डिग्री

हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 नवंबर 2024

10 विधायक अंबिका मरकाम एक्शन मोड में



12 प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल से चरमराई...





## खबर संक्षेप

### योगेश बने ब्लॉक कांग्रेस शहर 2 के कार्यवाहक अध्यक्ष



**धमतरी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरद लोहाना की अनुशंसा पर योगेश शर्मा को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर क्र. 2 का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से पार्टी को मजबूती मिलेगी। उनकी नियुक्ति पर गीतराम सिन्हा, अम्बर चन्द्राकर, आशुतोष खरे, तनवीर कुरैशी, सूरज पासवान, पवन यादव, रुद्रा साहू, संजू साहू, हिरेन्द्र यादव ने हर्ष व्यक्त किया है।

### युवा उत्सव के लिए पंजीयन 30 तक

**धमतरी।** प्रदेश के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से इस साल भी खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा उत्सव का आयोजन विकासखण्ड और जिला स्तर पर किया जा रहा है। प्रभारी खेल अधिकारी ने बताया कि विकासखण्ड स्तर पर 3 से 6 दिसम्बर तक और जिला स्तर पर 13 दिसम्बर को युवा उत्सव के तहत प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव पंजीयन की तिथि 30 नवम्बर तक है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी माई भारत युवा पोर्टल में अपना रजिस्ट्रेशन करेंगे।

### द्वितीय आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 2 दिसंबर से

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के बीए, बीएससी, बीकॉम, बीएससी होम साइंस, बीसीए प्रथम सेमेस्टर के नियमित छात्र-छात्राओं तथा बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के स्वाध्यायी विद्यार्थियों की द्वितीय आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा की समय-सारणी घोषित कर दी गई है। बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर नियमित एवं स्वाध्यायी की द्वितीय आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 2 दिसंबर से 7 दिसंबर तक चलेगी। बीएससी, होम साइंस, बीसीए प्रथम सेमेस्टर नियमित की परीक्षाएं 2 से 7 दिसंबर तक चलेगी।

### आज मेघा में होगा धरना प्रदर्शन

**मगरलोड।** 21 सितंबर को मेघा महानदी पुल के धंसने तथा पिलर टूटने की घटना के बाद आवागमन बंद कर दिया गया है। आवागमन बंद हुए दो माह से अधिक समय हो जाने के बाद भी शासन प्रशासन द्वारा वैकल्पिक मार्ग का निर्माण नहीं किया गया। आवागमन बंद होने से मेघा मगरलोड के व्यापारी, कृषक, विद्यार्थी, मजदूर, कर्मचारी परेशान है। व्यापारी संघ एवं ग्रामवासियों ने 29 नवंबर को बस स्टैंड मेघा में धरना प्रदर्शन एवं चक्काजाम करने की चेतावनी दी है। इसकी लिखित जानकारी व्यापारी संघ अध्यक्ष जागेंद्र साहू, ग्रामीण अध्यक्ष मेघा बेनू राम साहू, डायमंड साहू ने तहसीलदार, थाना प्रभारी को दी है।

### अमानक बैच की दवा के विक्रय एवं भण्डारण पर प्रतिबंध

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर कीटनाशी अधिनियम 1968 की धारा 21 की उपधारा 1 के खंड (डी) में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए कीटनाशी निरीक्षक कुरूद द्वारा निर्माता विक्रता कंपनी मेसर्स गणेश एग्री केयर के विक्रेता मेसर्स कृषि सेवा केन्द्र कुरूद से जी 21A001 बैच की कीटनाशक दवा ट्रीसायकलजोल 75 प्रतिशत डब्ल्यूपी का नमूना लिया गया। उप संचालक कृषि ने बताया कि कीटनाशक दवा के नमूने को गुण नियंत्रण प्रयोगशाला के विश्लेषण में अमानक पाए जाने के कारण अमानक बैच की दवा का विक्रय एवं भंडारण किए जाने पर तत्काल प्रभाव से धमतरी जिले में प्रतिबंध किया गया है।

### बोरा पासिंग के नाम पर धान में 100 से 500 ग्राम तक कांटामारी

# इलेक्ट्रानिक तराजू से तौलाई, किसानों से ले रहे ज्यादा धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



इलेक्ट्रानिक कांटा में तौलाई के नाम पर सोसाइटियों में किसानों को चूना लगाया जा रहा है। बोरा पासिंग के नाम पर 800 ग्राम से 1 किलो तक ज्यादा धान तौला जा रहा है। जबकि बारदाने का वजन 500-700 ग्राम के बीच होता है।

समर्थन मूल्य पर 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू कर दी गई है। इस बार किसानों की मांग पर जिले के सभी 100 खरीदी केंद्रों में इलेक्ट्रानिक तराजू से धान की तौलाई कर धान की खरीदी की जा रही है। विडंबना यह है कि इन इलेक्ट्रानिक तराजू से तौलाई के दौरान बोरा पासिंग के नाम पर किसानों का धान 800 ग्राम से 1 किलोग्राम तक अधिक तौला जा रहा है। किसानों ने बताया कि हर बोरे में अधिक धान लिए जाने से किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। बड़े किसानों का 2-5 क्विंटल धान अधिक जा रहा है। किसान कृतराम, युवराज आदि ने बताया कि धान खरीदी केंद्रों में जिन बारदानों से धान खरीदी की जाती है उनका अधिकतम वजन 700 ग्राम तक होता है। धान खरीदी केंद्रों में हर बारदाने में इतना वजन बोरा पासिंग के लिए लिया जाता है तो उन्हें आपत्ति नहीं है। लेकिन इससे कहीं ज्यादा वजन लिया जा रहा है।

#### क्या है बोरा पासिंग

धान खरीदी के दौरान धान की तौलाई बोरों में भरकर की जाती है। जिन बोरों में धान को भरा जाता है, उसका वजन घटा दिया जाए तो धान का वजन आता है। इसलिए बोरा का वजन घटाया जाता है। इसे ही बोरा पासिंग कहते हैं। पहले मैनुअली कांटों से जब तौलाई की जाती थी तब बॉट वाले पलड़े पर एक बोरा रख दिया जाता था और और तौलाई 40 किग्रा ही की जाती थी। अब मैनुअली तौलाई बंद होने से यह सिस्टम भी बंद हो गया है।

#### उठाव शुरू पर रफ्तार धीमी

धान खरीदी शुरू हुए 14 दिन हो चुके हैं। राइस मिलर्स की हड़ताल के चलते इस साल धान का उठाव काफी विलंब से शुरू किया गया है। अब तक जिले के सभी खरीदी केंद्रों में 11 लाख 37 हजार 161 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। उधर अब तक मात्र 61 हजार क्विंटल धान का ही उठाव किया जा सका है। उठाव की रफ्तार धीमी होने से खरीदी केंद्रों में धान जाम होने लगा है। कुछ समितियों की बफर लिमिट काफी कम है। वहां पर स्थिति अभी से खराब होने लगी है। यदि उठाव की रफ्तार नहीं बढ़ाई जाती है तो किसानों को परेशानी उठानी पड़ सकती है।

## हर ट्रिप में रायल्टी पर्ची के लिए बन रही रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



रेत खदान संचालकों की मनमानी के खिलाफ अब मटेरियल सप्लायर रणनीति बना रहे हैं। अब तक रेत खदानों में ट्रैक्टरों से वसूली तो की जाती है लेकिन रायल्टी पर्ची नहीं दी जाती है और न ही ट्रैक्टरों में रेत लोडिंग की कोई व्यवस्था है। रास्ते में आने वाली हर परेशानी से मटेरियल सप्लायरों को निबटना पड़ता है। सालों बाद इस मनमानी के खिलाफ अब मटेरियल सप्लायर आवाज उठाने लगे हैं।

महानदी के नजदीक बसे धमतरी शहर व आसपास के गांवों में रेत की सप्लाई ट्रैक्टरों से होती है। इन क्षेत्रों में रेत पहुंचाने के काम में 300 से ज्यादा ट्रैक्टर लगे हुए हैं। रेत खदानों से रेत लोडिंग इन ट्रैक्टरों में मजदूर ही करते हैं। इसका मजदूरी भार भी ट्रैक्टर संचालक ही उठाते है। खदान वैध हो या अवैध, ट्रैक्टरों में रेत लोडिंग करने पर खदानों में बकायदा वसूली की जाती है लेकिन रायल्टी पर्ची नहीं दी जाती है। पूरी राशि खदान संचालकों के पास जाती है। नदी से रेत का दोहन तो हो रहा है लेकिन शासन के खाते में एक रूपया नहीं जाता है। उधर रास्ते में मटेरियल सप्लायरों को कई प्रकार की परेशानियों से गुजरना पड़ता है। खनिज विभाग द्वारा रोजाना अवैध परिवहन के नाम पर ट्रैक्टरों पर कार्रवाई की जा रही है। इस समस्या के चलते मटेरियल सप्लायर परेशान हो चुके हैं। अब वे आवाज उठाने लगे हैं। मटेरियल सप्लायरों ने बताया कि हर ट्रिप पर रायल्टी पर्ची की मांग करने के लिए वे रणनीति तैयार कर रहे हैं। इसके लिए ट्रैक्टर यूनियन की बैठक भी आयोजित की गई है।

## बारात गया युवक राजिम में मृत मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



रिश्तेदार की शादी में राजिम बारात गए युवक को दो दिन बाद नदी में मृत पाया गया है। युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

■ दो दिन बाद नदी में मिला शव

मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय सोरिद निवासी देव कुमार उर्फ बसंत देवांगन पिता जितेन्द्र उम्र 24 वर्ष के रिश्तेदार हटकेशर निवासी के घर शादी कार्यक्रम था। देव कुमार शादी में सम्मिलित होकर सोमवार को बारात राजिम गया था। बीते सोमवार की रात्रि 12 बजे तक युवक अन्य बारातियों के साथ था। उसके बाद से युवक अचानक वहां से कहीं चला गया। रिश्तेदारों ने युवक की आसपास तलाश की लेकिन वह नहीं मिला। युवक के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने राजिम थाना में गुमशुदगी दर्ज कराई। तीन दिन बाद गुरूवार को राजिम के मेला स्थल नदी में युवक की लाश पाई गई। पुलिस ने दर्ज गुमशुदगी के आधार पर परिजनों को सूचना दी। परिजनों के पहुंचने पर पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम करा शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। परिजन शव लेकर धमतरी पहुचे और शाम को अंतिम संस्कार किया। युवक के शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं पाये गए हैं। बताया जाता है कि मृतक विमल टाकीज रोड स्थित टेलर दुकान में कपड़ा सिलाई का काम करता था। उसका पिता भी उसी दुकान में काम करता है। युवक की मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हो पायेगा।

## परिवहनकर्ताओं की गाड़ी में धान भरने से हमालों ने खड़े किए हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



मिलरों के वाहन के लिए 3.20 रुपए तथा परिवहनकर्ताओं की गाड़ी भरने 2.90 रुपए का मामला

धान उपार्जन केंद्रों में धान लोडिंग के लिए प्रशासनिक फरमान अजब है। मिलर्स की गाड़ी भरने के लिए हमालों को प्रति बोरी 3.20 रुपए तथा परिवहनकर्ताओं के वाहनों की लोडिंग दर प्रति बोरी 2.90 रुपए रखी गई है। एक तरह के काम के लिए अलग-अलग दर से नाराज हमाल ठेकेदारों ने गुरुवार को कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया। कलेक्टर के नाम सौंपे ज्ञापन में हमालों ने लोडिंग दर नहीं बढ़ाने पर परिवहनकर्ताओं के वाहन में धान लोडिंग करने से हाथ खड़े कर दिए हैं।

धान उपार्जन केंद्र के हमाल ठेकेदार नरेंद्र कुमार, सनत कुमार, ओमप्रकाश ने बताया कि खाद्य शाखा धमतरी ने 22 नवंबर को कलेक्टर के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन में अरवा एवं उसना राइस मिलर्स से कहा है कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान का उपार्जन केंद्र से उठाव के लिए मिलर्स द्वारा 3.20 रूपए प्रति बोरी 40 किलो का भुगतान समिति के अनुबंधित श्रमिकों को करना है। वहीं 25 नवंबर को कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा से समस्त समिति प्रबंधक, उपार्जन केंद्र प्रभारी प्रा.कृषि साख सहकारी आदिम जाति सेवा समिति ज्ञापन जारी कर कहा है कि खरीफ फसल 2024-25 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान का उपार्जन केंद्रों से विपणन संघ के संग्रहण केंद्रों में परिवहनकर्ताओं द्वारा लोडिंग के लिए 2.90 रुपए प्रतिबोरी 40 किलो का भुगतान समिति के अनुबंधित श्रमिकों को करना कहा है।

गुरूवार को कलेक्टोरेट पहुंचे हमाल ठेकेदार उत्तम कुमार, अजय कुमार, उमेश्वर, भागीरथी साहू, कमलेश ध्रुव, दौलतराम ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि उनके द्वारा तौलाई, छल्ली, सिलाई, गाड़ी लोडिंग का कार्य किया जाता है। कलेक्टर शाखा से लोडिंग दर समिति को प्राप्त हुई है। मिलर्स की गाड़ी लोडिंग करने पर प्रतिबोरा 40 किलो का 3.20 रुपये निर्धारित है जबकि परिवहनकर्ताओं की गाड़ी भरने पर प्रति बोरी 40 किलो का 2.90 रूपये है। अलग-अलग दर एक समान वजन की बोरी पर निर्धारित करना अन्याय है। हमालों ने मिलर्स और ट्रांसपोर्टरों की गाड़ी लोडिंग पर 3.20 रुपये समान रूप से करने की मांग की है। वहीं लोडिंग दर में वृद्धि नहीं करने पर ट्रांसपोर्टरों की गाड़ी लोडिंग करने में असमर्थता जताई है।

### बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान

**धमतरी।** दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान उठने से जिले में मौसम ने करवट ले ली है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री तक वृद्धि हो जाएगी। शनिवार को हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना व घना कोहरा छा सकता है।

■ न्यूनतम तापमान में होगी वृद्धि, बारिश के बन रहे आसार

मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी में गहरा अवदाब है। यह चक्रवाती तूफान में तब्दील होने के साथ उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ेगा। 30 नवंबर को उत्तरी तमिलनाडु एवं पांडुचेरी तट से गुजरने की संभावना है। इसके प्रभाव से छग में नमी का प्रवेश हो रहा है। 29 नवंबर को न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की वृद्धि होने की संभावना है। 30 नवंबर से प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश तथा कुछ जिलों में प्रातःकाल घना कोहरा छाने तथा आकाश के आंशिक मेघमय रहने की संभावना है। शुक्रवार को मौसम के शुष्क रहने की संभावना है।

## दमकल विभाग टीम ने की जिला अस्पताल में फायर सेफ्टी की चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




प्रथम चरण में 30 निजी अस्पतालों में हुई जांच, मिली कमियां

दमकल विभाग की टीम ने निजी व शासकीय अस्पतालों में अग्नि दुर्घटना से सुरक्षा के लिए रखे गए अग्निशमन यंत्र की चेकिंग की। इस दौरान कुछ कमियां पाए जाने पर संबंधित को नोटिस व सुधार करने के लिए कहा गया है।

शासन द्वारा बीते दिनों रायपुर के मेकाहारा अस्पताल के आपरेशन थियेटर में हुई भयंकर अग्नि दुर्घटना की घटना को गंभीरता से लेते हुए निजी व शासकीय अस्पतालों में अग्नि दुर्घटना से निपटने संबंधी किए गए इंतजाम के संबंध में जांच करने का निर्देश जारी किया गया। जिसके तहत धमतरी में भी निजी व शासकीय अस्पतालों में फायर सेफ्टी की जांच शुरु की गई है। अग्निशमन विभाग द्वारा 14 दिसंबर तक अभियान चलाकर अस्पताल की फायर सेफ्टी की जांच की जायेगी।

दमकल की टीम ने प्रथम चरण में शहर के 34 निजी अस्पतालों में फायर सेफ्टी की जांच की। चेकिंग में कुछ कमियां पाई गई जिसे तत्काल सुधारने के लिए कहा गया। फायर सेफ्टी चेकिंग के दूसरे चरण में अग्निशमन विभाग के सैनिक दिलीप निषाद, सितेश पवार, अरूण यादव, देवेंद्र साहू ने जिला अस्पताल पहुंचकर अग्निशमन यंत्रों की जांच की। इस दौरान कुछ फायर एक्स टिंग्विसर सिलेंडर में रिफिलिंग ड्यू पाई गई। वहीं कुछ सिलेंडर की रिफिलिंग ड्यू 2025 है। बताया गया कि फायर एक्स टिंग्विसर सिलेंडर में एक साल के लिए रिफिलिंग रहती है। ड्यू से पहले ही सिलेंडरों को रिफिलिंग करानी पड़ती है। नहीं कराने पर प्रेशर कम होने लगता है। टीम ने अस्पताल में रखे गए 62 अग्निशमन यंत्र की जांच कर रिपोर्ट भेज दी है। जिला अग्निशमन अधिकारी ने मीडिया को बताया कि टीम ने अस्पताल व क्लिनिक के फायर सेफ्टी की जांच की है। कमियां मिलने पर उसे पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। शासकीय अस्पतालों की जांच की जा रही है। अपडेट करा लिया जाएगा।

जिला अस्पताल सलाहकार गिरीश कश्यप ने बताया कि अस्पताल में 62 अग्निशमन यंत्र हैं। चेकिंग के दौरान कुछ में रिफिलिंग की अवधि समाप्त होना पाया गया। एक दो दिन में सभी फायर एक्स टिंग्विसर सिलेंडर को अपडेट कर दिया जाएगा।

### आरक्षण प्रक्रिया लटकी, नगरीय निकाय चुनाव कुछ माह टलने की संभावना

# कार्यकाल समाप्ति की ओर: महापौर, अध्यक्ष सहित पार्षदों को अपनी निधि का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

चुनावी वर्ष में महापौर, अध्यक्ष, पार्षदों को अपनी निधि का बेसब्री से इंतजार है। नगरीय निकाय का कार्यकाल आगामी दिसम्बर माह में खत्म होने जा रहा है। ऐसे में नगरीय निकाय के जनप्रतिनिधियों को उनकी निधि के जारी होने पर संशय बना हुआ है। इधर निकायों में आरक्षण प्रक्रिया लटकने से चुनाव के कुछ माह टलने के आसार बन गए हैं।

उल्लेखनीय है कि जिले में 1 नगर पालिक निगम तथा 5 नगर पंचायत हैं। नगर पालिक निगम में तीन लाख से अधिक आबादी वाले निकाय के महापौर को सवा 2 करोड़ रूपये तथा तीन लाख से कम आबादी वाले महापौर को 1 करोड़ 12 लाख 50 हजार रूपये की निधि मिलती है। वहीं 10 हजार से अधिक जनसंख्या वाली नगर पंचायतों में अध्यक्ष को 22.50 लाख तथा 10 हजार से कम जनसंख्या वाले नपं अध्यक्ष को 15 लाख रूपये निधि मिलती है। इसी तरह नगर निगम में पार्षदों की निधि 6 लाख रूपये है। वहीं निगम एल्डरमेनों की निधि 4.50 लाख रूपये है। नगर पंचायतों में पार्षद निधि 3 लाख रूपये तथा एल्डरमेनों की निधि 2.25 लाख रूपये है। धमतरी नगर निगम में महापौर सहित 40 पार्षद हैं। 3 लाख से कम आबादी वाले शहर होने के कारण महापौर को 1 करोड़ 12 लाख 50 हजार रूपये तथा पार्षदों को 2.34 करोड़ की निधि का निकाय




जनप्रतिनिधि महीनों से इंतजार कर रहे हैं।

शीतलापारा के कांग्रेसी पार्षद सूरज गहरवाल ने बताया कि चुनावी वर्ष होने के कारण इस साल की पार्षद निधि का सभी को बेसब्री से इंतजार है लेकिन राज्य में सत्ता परिवर्तन होने के कारण भाजपा सरकार जानबूझकर महापौर और पार्षदों को निधि जारी नहीं कर रही है। इसका प्रमुख कारण अधिकांश निकायों में कांग्रेस की सत्ता है। उनका कहना है कि निकाय चुनाव को जानबूझकर टाला जा रहा है। दिसम्बर में कार्यकाल खत्म होने के बाद निकाय को प्रशासन के हवाले कर दिया जाएगा फिर प्रशासन महापौर पार्षद निधि की राशि को अपने अनुसार खर्च कर सत्ता में काबिज होने का रास्ता बना सके।

महापौर विजय देवांगन का कहना है कि राज्य सरकार कंगाल हो चुकी है जिसके कारण वह निकाय जनप्रतिनिधियों की निधि जारी नहीं कर पा रही है। उनका कहना है कि निकाय चुनाव के बाद महतारी वंदन योजना में भी विभिन्न नियम लागू कर महिलाओं को महतारी वंदन योजना से वंचित कर देगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में छग पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के प्रतिवेदन के आधार पर आरक्षण की प्रक्रिया फिलहाल अटक गई है। मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में नगर पालिक अधिनियमों के संशोधन के कैबिनेट के एजेंडे में यह विषय शामिल नहीं किया गया। संशोधन के बाद महापौर, नपा, नपं अध्यक्ष, पार्षद पद तथा पंचायत अधिनियम के पदों के लिए आरक्षण की प्रक्रिया शुरू की जा सकेगी। बताया गया है कि नगरीय निकाय चुनाव 6 माह तक टालने के लिए अध्यादेश लाकर छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम व नगर पालिका अधिनियम में पहले ही संशोधन किया जा चुका है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## अंचल की खबरें

### मेन रोड पर विचरण करते दिखे दो भालू



**नगरी।** नगर पंचायत नगरी में बुधवार की रात्रि को दो भालू देखे गए। एक भालू नगर के मुख्य मार्ग तो दूसरे भालू को छिपली रोड पर गार्डन में फेंसिग तार को पारकर खेत की ओर भागते देखा गया। लोगों ने इसका वीडियो भी बनाया है जो जमकर वायरल हो रहा है।

### हथबंद में आश्रम भवन निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन



**जीजामगांव।** ग्राम हथबन्द के आश्रम में नया भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। इस दौरान संत रविकर साहेब, संत घनश्याम साहेब, संत मुक्तिचरण साहेब, प्रगति साहेब, ऋतुसुधा साहेब, सेवती साहेब, श्रीमती हुलसी साहू सरपंच, उमेश साहू, खेमन, दुखराम, नारद, श्यामलाल, गिरिवर, थानेंद्र, हरीश, गणेश्वर, आशाराम उपस्थित थे।

### कलार समाज के नोमेश अध्यक्ष और मोनू सचिव बने



**धमतरी।** नगर के डड़सेना सिन्हा कलार समाज भवन में युवा मंच का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष चंद्रहास सिन्हा, जिला महामंत्री गणराज सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद सिन्हा की उपस्थिति में प्रथम पाली में जिले के मनोनीत पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराया गया। उसके बाद कलार समाज युवा मंच के धमतरी जिलाध्यक्ष सीतेश सिन्हा व धमतरी मंडलेश्वर संतोष सिन्हा की अनुशंसा पर धमतरी मंडल अध्यक्ष के रूप में नोमेश सिन्हा डोड़की, सचिव पद के लिए मोनू सिन्हा जोधापुर और कोषाध्यक्ष पद के लिये टिकेंद्र सिन्हा रांवा को मनोनीत किया गया।

भाजपाइयों ने बताया इसे राजनीतिक प्रपंच, कहा- पांच साल तक कहां थी कांग्रेस

# प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल से चरमराई व्यवस्था नगर पंचायत अध्यक्ष सहित पार्षदों ने संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

नगर पंचायत कुरूद के नगरीय निकायों में कार्यरत अनियमित और प्लेसमेंट कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से नगर पंचायत स्तर पर दी जाने वाली सेवाएं बुरी तरह से चरमरा गई हैं। इसे दुरुस्त करने नगर अध्यक्ष सहित पार्षदों ने मोर्चा संभालने का प्रयास किया। वहीं दूसरी ओर भाजपाइयों ने इसे कांग्रेसियों का राजनीतिक प्रपंच बताया।


प्लेसमेंट कर्मचारी अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इस वजह से नगर पालिकाओं और नगरीय निकायों की सेवाएं बुरी तरह से ठप है। सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। पेयजल के लिए सामना करना पड़ रहा है। कार्यालयों से संबंधित एक भी कार्य नहीं हो पा रहा है। इसे देखते हुए बुधवार को कुरूद नगर पंचायत के नपं अध्यक्ष तपन चन्द्राकर समेत वार्ड पार्षद मनीष साहू, डुमेश साहू, देवव्रत साहू, रोशनलाल जांगड़े, उत्तम साहू ने जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल का समर्थन देते हुए कचड़ा गाड़ी मोहल्लों में घुमाया। ट्रैक्टर चलाकर नगर की पेयजल सुचारू व्यवस्था बनाने में लगे रहे। वहीं कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से चरमराई व्यवस्था के लिए क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के भाजपा सरकार को जिम्मेदार बताया। भाजपाइयों ने भी नगर अध्यक्ष एवं कांग्रेसियों के इस आरोप का खंडन कर उनके द्वारा किये जा रहे कार्य को सस्ती लोकप्रियता बंटोरने केवल एक राजनीतिक प्रपंच बता पूछा कि प्लेसमेंट कर्मचारियों के हितैषी बनने वाले ये कांग्रेसी बीते पांच साल तक कहां दुबके हुए थे।



### सफाई व्यवस्था चरमराई, पेयजल सप्लाई पर दिखा असर

अनियमित और प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल का सबसे ज्यादा असर सफाई व्यवस्था, जल आपूर्ति और अन्य प्रशासनिक कार्यों पर पड़ रहा है। सफाई कर्मचारियों के काम पर नहीं आने से सड़कों और मोहल्लों में कचरा इकट्ठा हो गया है। पेयजल आपूर्ति भी बाधित हो रही है। इसके साथ ही प्रशासनिक कार्य बाधित होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस स्टैंड, संजय नगर, नया बाजार आदि स्थानों में सफाई व्यवस्था चरमरा गई थी। इसका असर बीते तीन दिनों पेयजल सप्लाई पर देखने को मिला। क्योंकि फिल्टर प्लांट से लेकर सभी कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। पानी की सप्लाई सुचारु करने नगर पंचायत के पार्षदगण अपने हाथ में कमान थामे नजर आ रहे हैं।

### ● काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती है : कृष्णकांत



विधायक प्रतिनिधि कृष्णकांत साहू ने कहा है कि सस्ती लोकप्रियता के लिए कुरूद नगर पंचायत के कांग्रेसी अध्यक्ष सहित पार्षद नौटंकी कर रहे हैं। प्लेसमेंट कर्मचारियों के हड़ताल को अपना चुनाव प्रचार बना लिया है। कुरूद नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा नागरिक दायित्व निर्वहन की बात कही जा रही है तब कहां थी नागरिक सुचिता जब कुरूद के रेस्ट हाउस को अपनी निजी कार्यक्रम के लिए दारू बकरा खाने का अड्डा बनाया था। एक टैक्टर में 4 से अधिक पार्षद बैठकर नागरिक दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं या फिर नौटंकी। नगर पंचायत से उन सभी कर्मचारियों के लिए काम में न लौटने पर काम से पृथक करने का नोटिस जारी हुआ है तो अध्यक्ष नौटंकी नहीं कर रहे हैं तो क्या कर रहे हैं। कुरूद की जनता बहुत जागरूक है। काठ की हांडी बार बार नहीं चढ़ती है।

### ● स्वयं कचरा गाड़ी चलाई व नल भी खोले : तपन



नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर ने कहा कि कुरूद क्षेत्र के विधायक एवं साय सरकार की नाकामी की वजह से सभी प्लेसमेंट कर्मचारी तथा सफ़ाई कर्मचारियों के हड़ताल में जाने के कारण कुरूद नगर की व्यवस्था चरमरा गई है। मैंने पार्षद साथियों के साथ नगर की सफाई हेतु स्वयं कचरा गाड़ी चलाई और पेयजल की पूर्ति बाधित न हो इसके लिए सुबह नल भी खोले।

### ● पांच साल कहां मदमस्त रहे नगर अध्यक्ष : भानु



नेता प्रतिपक्ष भानु चंद्राकर ने कहा कि राज्य की विष्णुदेव सरकार सभी के लिए संवेदनशील हैं। प्लेसमेंट कर्मचारियों का मैं भी समर्थन करता हूं। कचरा गाड़ी चलाऊंगा कहना अध्यक्ष का चुनावी स्टंट है। बीते पांच साल में उन्होंने क्या किया, कुरूद की जनता जानना चाहती है। बीते पांच साल मदमस्त रहने के बाद जब फिर चुनाव की बारी आ रही है तो उन्हें आज नागरिक जिम्मेदारी दिख रही है। जनता के पैसों का दुरुपयोग करने वाले को अब कुर्सी छोड़नी है।

## रामसागर पारा वार्ड में बाबा गाडगे चौक का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रामसागर पारा वार्ड स्थित विष्णु होटल के पास गुरुवार को संत बाबा गाडगे चौक का लोकार्पण प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा और वार्ड पार्षद श्यामा साहू ने किया। वक्ताओं ने संत बाबा गाडगे के महान व्यक्तित्व और उनके योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। स्वच्छता और सामाजिक सेवा के प्रति उनके समर्पण को सभी के लिए अनुकरणीय बताया गया। पार्षद श्यामा साहू ने कहा कि यह चौक न केवल संत बाबा गाडगे की स्मृति को संजोएगा, बल्कि उनके मूल्यों को समाज में बढ़ावा देने का माध्यम बनेगा। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा ने कहा कि यह चौक क्षेत्र के सांस्कृतिक और सामाजिक विकास का प्रतीक बनेगा।



मौके पर बीजेपी धमतरी मंडल अध्यक्ष विजय साहू, धोबी समाज जिला अध्यक्ष भरत निर्मलकर, बीजेपी पूर्व जिला अध्यक्ष शशि पवार, कविंद्र जैन, पूर्व पार्षद चित्ररेखा निर्मलकर, चमन रजक, शैलेश समेत बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद थे।

## गर्ल्स कालेज की चार कराते खिलाड़ी चंडीगढ़ में दिखाएंगी प्रतिभा

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय की 4 खिलाड़ी उत्तर पूर्वी कराते प्रतियोगिता में पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर का प्रतिनिधित्व करेंगी। महाविद्यालय की रिया फुटान, सुमन फुटान, उन्नति ध्रुवंशी और संतोषी मत्स्यपाल का चयन उत्तर पूर्वी कराते प्रतियोगिता में हुआ है। यह प्रतियोगिता चंडीगढ़ विवि मोहाली में 1 से 5 दिसंबर को होगी। 20 नवंबर को शासकीय महाविद्यालय महासमुंद में कराते प्रतियोगिता हुई जिसमें उन्नति ध्रुवंशी अपने वजन वर्ग में प्रथम ,संतोषी अपने वजन वर्ग में प्रथम स्थान पर रही। रिया और सुमन समूह काता में प्रथम रही। उन्नति व्यक्तिगत काता में प्रथम स्थान पर रही। प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया ने सभी खिलाड़ी को शुभकामनाएं देकर मैडल प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इसमें खेल अधिकारी डॉ चन्द्रशेखर बांधे की बड़ी भूमिका रही। मौके पर डॉ. डीआर चौधरी, डॉ. आर. मरकाम, डॉ, जेएल पाटले, ओपी चंदे समेत सहायक प्राध्यापक, कार्यालयीन स्टाफ़ उपस्थित थे।

## प्लेसमेंट कर्मचारियों ने रैली निकालकर मांगी भिक्षा, स्वच्छता दीदियों ने बजाई सीटी

- गांधी मैदान में हड़ताली कर्मचारियों का आंदोलन जारी, शहर में नियमित सेवाएं ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नगरीय निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने गुरुवार को 10वें दिन भी हड़ताल जारी रखी। गांधी मैदान में इकट्ठा होकर खूब नारेबाजी की। इसके बाद शहर में रैली निकालकर लोगों से भिक्षा मांगी। रैली गांधी मैदान से शुरु हुई जो रत्नाबांधा पहुंचकर नेशनल हाईवे से होकर पैदल घड़ी चौक पहुंची। प्रदर्शन के बाद कर्मचारी सदरबाजार होते हुए मां विंध्यवासिनी मंदिर प्रांगण गए। इसके बाद फिर धरनास्थल गांधी मैदान में मांगों को लेकर डट गए।

संघ के अविनाश मोरोठे, राजू साहू, रघुवीर ठाकुर, चंद्रप्रकाश साहू, गिरधारीलाल, टिकेश्वर साहू, फिरोज खान, वेदप्रकाश, नरेश सोना ने बताया कि उनकी समस्याओं और मांगों के संबंध में शासन ने 10वें दिन भी ध्यान नहीं दिया है। शीर्ष नेतृत्व को वार्ता के लिए अभी भी समय नहीं दिया है और न ही शासन की ओर से आश्वासन मिला है। गुरुवार को कर्मचारियों ने विरोध स्वरूप शहर में रैली निकाली एवं आमजनता से भिक्षा मांगी ताकि शासन प्रशासन को संदेश जाए कि कर्मचारियों को जीविकोपार्जन में कठिनाई हो रही है।

उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह करते हुए कहा कि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द करें। शहर और आमजनता के हित में वे जल्दी काम पर वापस लौटना चाहते हैं लेकिन जायज मांगों के लिए वे चुप नहीं रहेंगे।

इधर स्वच्छता दीदियों ने हड़ताल के दूसरे दिन गांधी मैदान में बैठकर सीटी बजाई और विरोध प्रदर्शन किया। संघ की जितेश्वरी साहू ने बताया कि उनकी तीन प्रमुख मांगे हैं जिसके लिए वे आंदोलन कर रही हैं। हड़ताल के दूसरे दिन स्वच्छता दीदियों ने सीटी बजाई। शुक्रवार को तीसरे दिन रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचेंगे। शासन के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। तीन दिवसीय हड़ताल के बाद भी अगर कोई हल नहीं निकला तो वे अनिश्चितकाल के लिए आंदोलन करेंगी। उनकी प्रमुख मांग कलेक्टर दर पर मानदेय, पीएफ राशि की कटौती तथा साप्ताहिक अवकाश है।

प्लेसमेंट कर्मचारी और स्वच्छता दीदियों के एकसाथ हड़ताल में चले जाने से जिले की नियमित सेवाएं बाधित हो रही हैं। गली मोहल्लो में कचरे का उठाव नहीं हो रहा है। डोर टू डोर कचरा संग्रहण के कार्यों पर ब्रेक लग गया है। सार्वजनिक स्स्थलों की सफाई नहीं हो पा रही है। विद्युत अवरोध का कार्य ठप है। पेयजल से संबंधित कार्य अटके हुए हैं। निकायों में सूनापन है। दफ्तरों की फाइल पेंडिंग हो रही है।

## कॉम्पटेक कालेज में छात्रों को पुलिस ने बताए ट्रैफिक नियम



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कॉम्पटेक महाविद्यालय सोरिद नगर में ट्रैफिक पुलिस अधिकारी केआर साहू ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक के नियमों का प्रत्येक स्तर पर पालन करने की अनिवार्यता के साथ साथ आवश्यकता बताया।

विद्यार्थियों को ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट की अनिवार्यता, वाहन को नियंत्रित गति में चलाना, गलत ओवरटेकिंग के दुष्परिणाम से अवगत कराया।

बैनर के माध्यम से विद्यार्थियों को समझाया गया जो उन्हें ट्रैफिक नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने में सहायक होगा। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ आशीष नामदेव ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ प्राध्यापकगण संजय जगताप, सीमा सोनी, केदार सिंग, भुजेश मंडावी उपस्थित थे।

## वरिष्ठजन सम्मान समारोह 30 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मराठा समाज धमतरी द्वारा 30 नवंबर को छत्रपति शिवाजी महाराज मंगल भवन में शाम 4 बजे वरिष्ठजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्ण जाधव डीएफओ धमतरी होंगे। विशिष्ट अतिथि मोहन राव रणसिंह सेवानिवृत चीफ सिक्युरिटी आफिसर, कविता बाबर जिपं सदस्य, अध्यक्ष छग मराठा महिला प्रकोष्ठ होंगे। समाज अध्यक्ष दीपक लोंढे ने बताया कि कार्यक्रम में समाज के 75 वर्ष आयु से अधिक महिला पुरूषों का सम्मान किया जाएगा।

## कन्या शाला में मनाई गई अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

**कुरूद।** पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर की 300वीं जन्मशती पूरे देश मे मनाई जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को सांस्कृतिक दिवस पर शासकीय कन्या उमावि कुरूद में भी लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 जन्मशती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वक्ता व पूर्व शिक्षक वीएन चंद्राकर थे। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी विष्णु प्रसाद सोनवानी, पूर्व पार्षद नेमीचंद बैस व कुरूद बीआरसी कुलेश्वर सिन्हा थे। अध्यक्षता प्राचार्य डीपी देवांगन ने की।

मुख्य वक्ता श्री चंद्राकर ने बताया कि माता अहिल्याबाई होलकर एक कुशल राज्य प्रशासिका, प्रजाहित दक्ष शासक, धर्म, संस्कृति की अभिमानी और रणनीति की उत्कृष्ट समझ रखने वाली न्यायप्रिय शासिका थीं। बीआरसी सिन्हा ने कहा कि अहिल्याबाई न्याय करते समय अपने-पराए में भेद नहीं करती थीं। एक बार क्रूरता के मामले में बेटे के दोषी पाए जाने पर माता होलकर अपने ही बेटे को रथ के नीचे कुचलकर मारने के लिए निकल गई थी। प्राचार्य ने बताया कि माता अहिल्याबाई होल्कर ने सोमनाथ व काशी विश्वनाथ मंदिर समेत कई मंदिरों का जीर्णोद्धार किया। उनके राष्ट्रीय योगदान को याद किया। शिक्षकों व छात्राओं ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर को उनके कृतित्व के लिए नमन किया।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

## केशकाल घाटी में सड़क निर्माण कार्य की अवधि फिर बढ़ी, इधर सिहावा मार्ग हुआ व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



10 दिसम्बर तक वाहनों के रूट डायवर्ट रहेंगे

केशकाल घाटी में सड़क निर्माण कार्य दूसरी बार शुरू हुआ। पहली खेप में 10 नवम्बर से शुरू हुआ कार्य 25 नवम्बर तक चला, जिसमें काम अधूरा रह गया। इसे देखते हुए विभाग ने निर्माण कार्य की अवधि 10 दिसम्बर तक बढ़ा दी। इस मार्ग में चलने वाले सभी वाहनों का रूट डायवर्ट किया गया है। इधर धमतरी होकर गुजरने वाले वाहनों के कारण सिहावा मार्ग फिर व्यस्त हो गया है। इस मार्ग में ट्रेफिक का दबाव बढ़ गया है। सिहावा मार्ग से सभी वाहनें नगरी बोराई होते हुए जगदलपुर के लिए जा रहे हैं। रायपुर से आने वाले वाहनें कुरूद धमतरी दुगली, नगरी, बोराई, कौंदेकेरा, विश्रामपुरी, केशकाल होते हुए जगदलपुर पहुंचेंगे। वाहनों के दबाव के कारण मार्ग की चौड़ाई छोटी पड़ गई है। सबसे ज्यादा परेशानी पैदल यात्री, साइकिल सवार, दोपहिया वाहन, छोटी कार चालकों को हो रही है। जरा सी लापरवाही दुर्घटना का कारण बन सकती है। सिहावा चौक और हरफतराई चौक, कोलियारी चौक, कुकरेल चौक आदि स्थानों में दिनभर चक्काजाम जैसी स्थिति निर्मित हो रही है। वाहनों के चलने से सड़क में धूल भरी आंधियां चल रही हैं। मालवाहक और यात्री बसों के लिए रूट डायवर्ट किया गया है। दोनों दिशा से आने जाने वाले वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग बनाया गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्पेशल ट्रेन से 21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Jai Mata Di Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।



CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511